प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 20.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

नितिन नबीन भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित किये गये हैं नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उनके नाम की औपचारिक घोषणा की गई इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि पार्टी में संगठन पर्व के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से पूरी की गई हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ता सुख नहीं सेवा का माध्यम हैं कार्यकर्ता केन्द्रित सोच से ही पार्टी ने शून्य से शिखर तक का सफर तय किया हैं

.....

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने लघु सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों को औद्योगिक विकास का प्रमुख आधार बताया हैं आज जयपुर में राजस्थन इण्डस्ट्री और एमएसएमई समिट को संबोधित करते हुए श्री बागडे ने कहा कि इससे लाखों परिवारों को रोजगार मिलता हैं इसके साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती हैं उन्होंने कहा कि एमएसएमई सरकार की प्राथमिकता हैं बदलते औद्योगिक परिदृश्य में इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं राज्यपाल ने श्रेष्ठ उद्यमियों को **प्राइड ऑफ राजस्थान अवार्ड** से सम्मानित कियां

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिल्ली दौरे पर हैं उन्होंने नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में कल राजस्थान के सांसदों, केंद्रीय मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कीं इस दौरान प्रदेश के विकास से जुडे विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया गयां मुख्यमंत्री श्री शर्मा की अध्यक्षता में कल जयपुर में केबिनेट की बैठक होगीं इसके बाद मंत्री परिषद की भी बैठक होगीं राज्य विधानसभा के बजट सत्र से पहले होने वाली इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा हैं इसमें बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण के माध्यम से राज्य सरकार की उपलब्धियों को दर्शाने के लिए और नये वित्त वर्ष को लेकर सरकार के विजन पर चर्चा होगीं इसके साथ ही सत्र के दौरान बीएसी की मीटिंग में लिये जाने वाले बिन्दुओं सहित अन्य विषयों पर विचार विमर्श की संभावना हैं

0000

राजस्थान पीएम विश्वकर्मा योजना में ऋण स्वीकृति और वितरण में देश में दूसरे स्थान पर हैं मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने कल जयपुर में हुई एक समीक्षा बैठक में ये जानकारी दीं मुख्य सचिव ने पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए राज्य में किये जा रहे प्रयासों की सराहना कीं उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2026 तक राज्य में बैंकों की ओर से करीब साढे तिरेपन हजार लोगों को 466 करोड़ रूपये से अधिक का ऋण वितरण किया जा चुका हैं उन्होंने कहा कि बडी संख्या में राज्य के कारीगरों को ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और दिल्ली हाट तथा रेल्वे स्टेशनों से जोडा गया हैं मुख्य सचिव ने अधिकारियों को बैंकों के साथ बैठक कर ऋण स्वीकृति में आ रही परेशानियों को दूर करने के निर्देश दिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को लोन उपलब्ध कराये जा सकें

0000

प्रदेश में मातृ और शिशु पोषण तथा स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए प्रेरणा अभियान की शुरूआत की गई हैं महिला और बाल विकास विभाग की ओर से कल से एक महीने के इस अभियान की शुरूआत की गई अभियान के तहत आईसीडीएस सेवाओं से वंचित सभी पात्र लाभार्थियों, गर्भवती और धात्री महिलाओं और 6 साल तक के बच्चों का पंजीकरण किया जायेगां आकांक्षी जिलों में किशोरियों का भी रजिस्ट्रेशन किया जायेगां डिजिटल पंजीकरण के माध्यम से उनकी पोषण संबंधी जानकारी और स्वास्थ्य की निगरानी की जायेगीं

0000

राज्य में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलने जा रहा हैं बीते 24 घंटों में जहां कई स्थानों पर बादल छाये रहे और तापमान में हल्की गिरावट हुई वहीं 22 जनवरी से एक बार फिर नया पश्चिमी

विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं इसके असर से कई हिस्सों में मावठ हो सकती हैं तापमान में उतार–चढ़ाव देखने को मिलेगां साथ ही तेज आंधी चलने और गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना हैं मौसम विभाग की ओर से जोधपुर बीकानेर संभाग और शेखावाटी अंचल के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया हैं इस बीच आज सुबह जयपुर, भिवाड़ी, बीकानेर सहित कई जिलों में घना कोहरा छाया रहां सीकर जिला भी घने कोहरे की चपेट में रहा और विजिबलिटी घटकर कुछ ही मीटर तक सीमित रहीं बीती रात 4 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ पाली सबसे सर्द रहां सिरोही और सवाईमाधोपुर में भी न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआं 22 जिलों में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहां

0000